अमर उजाला 16/11/2025

# लिंग संवेदनशीलता का महत्व समझाया

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्लम क्षेत्रों में लिंग संवेदनशीलता विषय पर एक प्रभावी और जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। अभियान के तहत कॉलेज के उत्साही छात्र-छात्राओं ने स्लम क्षेत्रों का भ्रमण किया और यहां उन्होंने पोस्टर, स्लोगन और संवाद के माध्यम से लोगों को लिंग संवेदनशीलता के महत्व से अवगत कराया।

छात्रों ने स्थानीय समुदाय के साथ सीधे बातचीत करते हुए उनके विचारों को समझा और उन्हें रोजमर्रा के जीवन में लैंगिक संवेदनशीलता अपनाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अनुभव रही। संवाद